सिस्टर एनलिट तथा सिस्टर निकिता का विदाई समारोह तथा प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. के जन्मदिवस समारोह

आज दिनांक 29 अप्रैल को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में सिस्टर एनलिट तथा सिस्टर निकिता का विदाई समारोह तथा ब्रदर मोनाचन के. के. का जन्मदिवस कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रार्थना सभा के अवसर पर कार्यक्रम के लिए छात्रों के बीच जोष देखते ही बनता था। सिस्टर एनलिट गत छह वर्षो से तथा सिस्टर निकिता 5 वर्षो से विद्यालय के महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहीं । उन्होंने विद्यालय तथा मैनजमैंट के बीच एक कड़ी का काम किया, जिससे विद्यालय के कार्यो को सुचारू रूप से चलाने में बहुत सहायता मिली। उन्हें विदाई देते हुए सभी की आँखे नम हो गई । वे सभी की बहुत ही प्रिय रहीं। अपने पूरे कार्यकाल में वे विद्यालय के लिए समर्पित रहीं तथा अपने कार्यो से सभी को प्रोत्साहित भी करती रही। विद्यालय सदैव उनकी कमी को महसूस करेगातथा उनके सुखद भविष्य की कामना करता रहेगा। सिस्टर एनलिट तथा सिस्टर निकिता ने अपने संदेष में छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का धन्यवाद देते हुए सभी को सुखद जीवन का आषीर्वाद दिया।

प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के जन्मदिवस के अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी मैडम द्वारा प्राचार्य को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तत्पष्चात् एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा षानदार नृत्यों तथा गीतों की प्रस्तुति दी गई,जिसने सभी का मन मोह लिया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य हेतु भिन्न भिन्न प्रकार के कार्ड तथा पुष्प गुच्छ भेंट किए गए। विद्यालय प्रागंण में उपस्थित सभी विद्यार्थी कलरफुल ड्रेस में थे जिसके कारण मोंटफोर्ट प्रांगण रंग – बिरंगे फूलों की क्यारी के समान प्रतीत हो रहा था। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संदेष में विद्यार्थियों तथा षिक्षक वर्ग का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रकार के षानदार कार्यक्रम की आषा नहीं की।

प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के, उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज सिस्टर एनलिट , सिस्टर निकिता , श्रीमति ज्योती एवं समस्त षिक्षक गण उपस्थित थे।